हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, सोमवार, 6 अक्टूबर 2025




> महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

## अपर आयुक्त ने किया नगर निगम के सिलाई मशीन क्लस्टर का उद्घाटन

**नागपुर.** नागपुर नगर निगम के सामाजिक विकास विभाग और आरोह बहुउद्देशीय सोसाइटी के सहयोग से दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से पुनापुर के पारडी स्थित कौशल विकास केंद्र में स्थापित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए सिलाई मशीन क्लस्टर और रोजगार सृजन परियोजना का उद्घाटन शनिवार को नगर निगम की अपर आयुक्त श्रीमती वैष्णवी बी. ने किया। इस अवसर पर लकड़गंज क्षेत्र के सहायक आयुक्त विजय थुल, सामाजिक विकास विभाग के अधीक्षक राजेश मेश्राम, नूतन मोरे, विनय त्रिकोलवार, रितेश बंते, विनय टेंभुर्णे, आरोह संस्था की अध्यक्ष विशाखा राव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शर्मिष्ठा गांधी, निशिकांत जाधव और नगर निगम के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर वैष्णवी बी. ने कहा कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है, जिसके लिए महिलाओं को स्वयं आगे आकर अपना प्रशिक्षण पूरा करना होगा। महिलाओं को रोजगार और कौशल प्रदान करना नगर निगम की पहली प्राथमिकता है। नगर निगम महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा। महिलाएं सशक्त होंगी तो पूरे परिवार का विकास होगा, जिसके लिए नगर निगम हर संभव सहायता प्रदान करेगा। अपर आयुक्त वैष्णवी बी. ने सुझाव दिया कि प्रशिक्षण केंद्र से उत्पादित उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखी जाए और ऑनलाइन उत्पादन के प्रयास किये जाएं। आरोह संस्था की विशाखा राव ने अपने परिचय में आरोह संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं को प्रशिक्षित करके सुंदर उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस माध्यम से रोजगार सृजन और महिलाओं का सशक्तिकरण किया जा रहा है। इस बार उद्घाटन समारोह का आयोजन सामाजिक विकास विभाग की उपायुक्त डॉ. रंजना लाडे के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षु महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शर्मिष्ठा गांधी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन शारदा भुसारी ने किया।




## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का सश्रम कारावास



**नागपुर.** जिला सत्र न्यायालय के विशेष पॉक्सो न्यायालय, ने 14 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मा. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पॉक्सो) एस.ए. श्रीखंडे की कोर्ट ने ने 01 अक्टूबर 2025 को यह फैसला सुनाते हुए आरोपी को 4,000 जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न भरने पर 6 महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। मामले में अदालत ने पॉक्सो एक्ट की धारा 12 के तहत भी आरोपी को 1 वर्ष के सश्रम कारावास और 500 जुर्माने की सजा सुनाई, अन्यथा 1 महीने का अतिरिक्त कारावास। जबकि आईपीसी की धारा 323 में आरोपी को निर्दोष करार दिया गया। मामला 7 अप्रैल 2022 का है, जब नागपुर के कलमणा थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय महिला की 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को आरोपी प्रभूप्रसाद मव्यूद्दीन शाहू (उम्र 19 वर्ष, निवासी जुना कामठी रोड, कलमणा) ने बहला-फुसलाकर एक होटल की छत पर ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता को धमकी देकर मारपीट भी की गई। पीड़िता की मां की शिकायत पर कलमना पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 376(3), 376(L), 323, 201 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 5, 6 के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को 9 अप्रैल 2021 को गिरफ्तार किया गया। इस मामले की जांच तत्कालीन मासपोनि चंदा दंडवते ने की और अदालत में चार्जशीट दायर की। सरकारी पक्ष की ओर से अधिवक्ता रश्मी खापर्डे ने पैरवी की, जबकि आरोपी की ओर से अधिवक्ता आर.पी. ढाले ने पक्ष रखा। कोर्ट पैरवी अधिकारियों में पो.ह. प्रमोद राठोड़, म.पो.ह. हर्षदा चौधरी और पो.अं. कुलदीप कांबले ने काम किया।



**नागपुर.** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार, 5 अक्टूबर को नागपुर संभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव के लिए मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए आवेदन दाखिल किया। इस अवसर पर नागपुर भाजपा अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी, नागपुर संभाग पंजीकरण प्रमुख पूर्व विधायक सुधाकर कोहले, सहानोदनी प्रमुख सुधीर दिवे, नागपुर शहर पंजीकरण प्रमुख गिरीश देशमुख, पूर्व उप महापौर संदीप जाधव, भाजपा नागपुर शहर महासचिव श्रीकांत अगलावे, महासचिव श्रीमती धावड़े, भाजपा नागपुर शहर संपर्क प्रमुख विष्णु चांगड़े आदि गडकरी के निवास पर उपस्थित थे।

## महादेव की पिंडी पर पेशाब का मामला, नंदनवन में तनाव

**नागपुर.** गिट्टीखदान क्षेत्र के मानवता नगर में नवरात्रोत्सव मंडप में दुर्गामाता की मूर्ति की विडंबना की घटना ताज़ा ही थी कि अब नंदनवन क्षेत्र के राजेंद्र नगर स्थित महादेव मंदिर में एक और मानसिक रोगी के कृत्य से शनिवार को तनाव फैल गया। इस मनोरोगी का महादेव की पिंडी पर संदिग्ध रूप से पेशाब करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह संतापजनक घटना मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई, जिसके बाद स्थानीय नागरिकों ने जोरदार हंगामा किया। नागरिकों ने कहा कि क्षेत्र में खुलेआम घूमने वाले मनोरोगियों पर प्रशासन और पुलिस का कोई अंकुश नहीं है। इस कारण उन्होंने पुलिस और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर आक्रोश व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे एक महिला पूजा कर रही थी, तभी यह मनोरोगी महादेव की पिंडी पर पेशाब करने के बाद फरार हो गया। महिला की सूचना पर मंदिर का सीसीटीवी फुटेज देखा गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर विरोध जताने लगे। स्थानीय नागरिकों ने नंदनवन पुलिस से मांग की कि विकृत मानसिकता वाले इस व्यक्ति को तुरंत हिरासत में लेकर मनोरोग अस्पताल भेजा जाए। पुलिस ने धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## तलवार से हमला, दो सगे भाई घायल, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**नागपुर.** धंतोली पुलिस थाना क्षेत्र के सहकार नगर में बीती रात हुई एक सनसनीखेज वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी। तीन हमलावरों ने दो सगे भाईयों पर तलवार और धारदार हथियारों से हमला कर उनकी हत्या का प्रयास किया।
इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दूसरा भी चोटिल हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता समीर खान (निवासी सहकार नगर) हैं। बीती रात आरोपी कार्तिक उर्फ कालया एलपुरवार(26) अपने दो साथियों के साथ उनके घर के बाहर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब समीर खान बाहर आकर आरोपी को समझाने लगे, तो कार्तिक ने अचानक तलवार से उनके गले पर वार करने की कोशिश की।
हालांकि वार चूक गया और तलवार का प्रहार समीर के कान के पीछे लगा। इस बीच समीर का भाई आसिफ खान बीच-बचाव करने आया तो आरोपियों ने उस पर भी धारदार फ़रसी के टुकड़े से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।
घटना के बाद तीनों हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही धंतोली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल भेजा।
पुलिस ने हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी कार्तिक उर्फ कालया को गिरफ्तार कर लिया है। उसके दो फरार साथियों की तलाश जारी है। बताया जाता है कि कार्तिक के खिलाफ पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं और दो महीने पहले ही उसे नागपुर परिक्षेत्र से तड़ीपार किया गया था।

### बंद घर से नकद व सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े चोर

## जरिपटका में 18 लाख की बड़ी चोरी



**नागपुर.** जरिपटका पुलिस थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी स्थित दयालू सोसायटी में रहने वाली रोहिणी रमेश यादव (27) के घर में चोरों ने लाखों की चोरी को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को दशहरे के शुभ अवसर पर रोहिणी यादव अपने बड़े पिता द्वारा भीमचौक में बनाए गए संकुल के गृहप्रवेश कार्यक्रम में गई थीं। इस दौरान घर पर ताला लगा हुआ था। वे रात को परिवार सहित वहीं पर रुक गई थी। इसी बीच चोरों ने घर के पिछले दरवाजे को तोड़कर भीतर प्रवेश किया और 8 लाख 60 हजार नकद, 172 ग्राम सोने के आभूषण और 1580 ग्राम चांदी के सामान सहित कुल 18 लाख 76 हजार के माल पर हाथ साफ किया। घटना की शिकायत पर जरिपटका पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो भाइयों पर जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल



**नागपुर.** धंतोली थाना क्षेत्र के दिनानाथ हाईस्कूल मैदान के पास स्थित एक पानीपूरी ठेले पर गुरुवार शाम दो भाइयों पर कुछ अज्ञात युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक भाई के सिर पर सीमेंट की ईंट से वार किया गया, जबकि दूसरे के हाथ में चाकू घोंप दिया गया।
दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 02 अक्टूबर की शाम करीब 7.30 बजे फरियादी अवनीश विनोद राय (26) अपने बड़े भाई आशिष विनोद राय (33) के साथ उक्त ठेले पर पानीपूरी खाने पहुंचे। अवनीश ने वहां कूपन लेकर पानीपूरी खाना शुरू किया और भेलपूरी मांगी। इस पर ठेले पर मौजूद आरोपियों ने कूपन उनका नहीं होने का हवाला देकर उनसे झगड़ा शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक, झगड़ा बढ़ने पर तीन अज्ञात आरोपियों ने संगठित होकर दोनों भाइयों पर हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान एक आरोपी ने जमीन पर पड़ी एक सीमेंट की ईंट उठाई और उसे अवनीश के सिर पर दे मारा, जिससे उनके सिर में गहरी चोट आई।
वहीं, दूसरे आरोपी ने आशिष के दाहिने हाथ पर चाकू से वार कर दिया। हमले में बुरी तरह घायल अवनीश को मेयो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जबकि आशिष का उपचार एक मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। फरियादी अवनीश राय की शिकायत पर धंतोली पुलिस ने हमले की विविध धाराओं के तहत अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## दर्जनभर गोवंश की पुलिस ने बचाई जान

### क़त्ल के लिए गोवंश की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार



**नागपुर.** गोमांस बिक्री पर प्रतिबंध होने के बावजूद 12 गोवंश पशुओं को निर्दयतापूर्वक टाटा योद्धा ट्रक में भरकर तस्करी करने वाले आरोपियों को हिंगना पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, समृद्धि महामार्ग के पास वायफल टोल नाके पर पुलिस ने संदिग्ध टाटा योद्धा ट्रक को रोका। जांच के दौरान पाया गया कि ट्रक में 12 गोवंश पशुओं को अमानवीय तरीके से बिना चारा-पानी के ठूस-ठूस कर भरा गया था। पुलिस ने वाहन चालक सुफियान खान शरीफ खान (19) और सहायक शेख नसीम शेख हसन (22), दोनों निवासी सुफी नगर, वलगांव (अमरावती) से गोवंश के स्वामित्व के दस्तावेज मांगे, लेकिन वे कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, बचाए गए 12 गोवंश पशुओं को गोरक्षण समिति के हवाले कर दिया गया।

## भांडेवाड़ी पशु आश्रय में आवारा कुत्ते की बड़ी सर्जरी सफल

**3.5 किलो वजनी गांठ निकाली गई**

**नागपुर.** भांडेवाड़ी स्थित पशु आश्रय केंद्र में शनिवार शाम 4:00 बजे एक आवारा कुत्ते की छाती के निचले दाहिने हिस्से में मौजूद 3.5 किलो वजनी गांठ की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी का नेतृत्व डॉ. सनी मगर और उनकी कुशल चिकित्सा टीम ने किया। उक्त कुत्ते को धरमपेठ क्षेत्र की कुत्ता नियंत्रण टीम द्वारा पकड़कर आश्रय केंद्र में लाया गया था। सर्जरी के पश्चात आश्रय केंद्र में कुत्ते की सतत निगरानी की जा रही है। चिकित्सा कर्मियों के अनुसार कुत्ता उपचार का सकारात्मक प्रतिसाद दे रहा है और शीघ्र ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की उम्मीद है। यह कार्य नागपुर नगर निगम के आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी, अपर आयुक्त वसुमना पंत, उपायुक्त राजेश भगत और मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. गजेंद्र महल्ले के मार्गदर्शन में किया गया। भांडेवाड़ी पशु आश्रय केंद्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कार्यरत है जो प्रत्येक माह बड़ी संख्या में घायल, बीमार एवं उपेक्षित आवारा कुत्तों का उपचार करती है। इनमें वाहन दुर्घटनाओं में घायल, टूटी हड्डियों, यौन रोग (ग्रैनुलोमा), लकवा, कमजोरी और वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित कुत्ते शामिल होते हैं। मानसून के दौरान विशेष रूप से कीड़ों से संक्रमित घावों वाले कुत्तों की संख्या बढ़ जाती है। ये घाव अत्यंत गहरे और गंभीर होते हैं, जिनका समय पर उपचार न होने पर सेप्सिस जैसी जानलेवा स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। भांडेवाड़ी पशु आश्रय न केवल इन जानवरों को चिकित्सा सुविधा देता है, बल्कि उन्हें सुरक्षित आश्रय और पुनर्वास भी प्रदान करता है।


### सीताबर्डी और मानकापुर पुलिस की कार्रवाई

## नागपुर पुलिस ने 3 शातिर वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, 9 वाहन बरामद



**नागपुर.** शहर पुलिस ने शहर में अलग-अलग इलाकों से वाहन चोरी करने वाले तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 9 चोरी के वाहन (8 दोपहिया और 1 चारपहिया) बरामद किये हैं। जानकारी के मुताबिक, टेकडी गणेश मंदिर, हुडकेश्वर, मानकापूर और सदर थानों की सीमा से वाहनों की चोरी की घटनाएं हो रही थीं। इन घटनाओं की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि शिवम देवमूरत त्रिपाठी (23, निवासी गोरेवाड़ा) लंबे समय से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। मानकापूर पुलिस ने खबरी की मदद से शिवम को पकड़कर उसके कब्जे से चार हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, एक एक्टिवा स्कूटर और एक मारुति कार बरामद की। बरामद वाहनों की कुल कीमत करीब 5 लाख आंकी गई है। पुलिस को शक है कि शिवम ने शहर के अन्य हिस्सों से भी कई वाहन चोरी किये हैं, जिसकी जांच जारी है। इसके अलावा, टेकडी गणेश मंदिर के बाहर एक महिला की प्लेझर स्कूटी चुराने वाले शेख रज्जाक उर्फ रिहान वल्द शेख मुश्ताक (19, निवासी हसनबाग कब्रिस्तान, नंदनवन) को भी पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से दो चोरी की दुपहिया गाड़ियां बरामद हुईं। पुलिस रिकॉर्ड में पहले से ही शेख रज्जाक पर वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी की गाड़ी इस्तेमाल करने वाले कुणाल मंगल उके (निवासी नवीन सुभेदार लेआउट) को भी गिरफ्तार किया।

## मुनाफे का झांसा देकर 42 लाख की ठगी




**नागपुर.** मानेवाड़ा क्षेत्र के निवासी शुभम रामटेके (29) से सायबर ठगों ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर करीब 42 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने व्हाट्सएप के जरिए संपर्क कर उन्हें एक ग्रुप में जोड़ा और मोटे मुनाफे का लालच देकर अलग-अलग बैंक खातों में कुल 41,90,000 जमा करवा लिए। रकम लौटाने की मांग करने पर ठगों ने संपर्क बंद कर दिया। ठगी का एहसास होने पर शुभम ने सायबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> ‘चिमनीघर’ का लोकार्पण

## नागपुर पुलिस मुख्यालय में फिर गूंजेगी बच्चों की किलकारी



**नागपुर.** देखभाल के अभाव में 2014 में शुरू हुआ पुलिस मुख्यालय का पालणाघर कुछ सालों बाद बंद हो गया था। अब उसी को नया रूप देकर ‘चिमनीघर’ नाम से पुनः शुरू किया गया है। शनिवार को हुए लोकार्पण के बाद यह परिसर एक बार फिर पुलिसकर्मियों के बच्चों की किलबिलाहट से गूंज उठेगा। यह पालणाघर 1 से 7 वर्ष आयु वर्ग के 25 से अधिक बच्चों के पालन-पोषण, संस्कार और देखभाल की जिम्मेदारी निभाएगा। बाहरी स्त्रोतों से प्रशिक्षित मानवबल की मदद से पुलिस विभाग में सेवा देने वाले कर्मचारियों के बच्चों की समुचित देखभाल यहां की जाएगी। शनिवार को पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल, सह पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी और अपर पुलिस आयुक्त वसंत परदेशी के हाथों ‘चिमनीघर’ का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पुलिस उपायुक्त राहुल माकणीकर, पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम, शशिकांत सातव, राहुल मदने, सिंगारेड्डी ऋषिकेश रेड्डी, महक स्वामी, लोहित मतानी, नित्यानंद झा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। महिला अधिकारी निशा खोब्रागड़े, हवलदार प्रगती और पुलिस उपायुक्त महक स्वामी ने पालणाघर की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। इसके जिर्णोद्धार में सहयोग देने वाले प्रिंसी सोनी, अनुराग सोनी, ललित विकामसी, श्यामल पंचमटिया और विरान खान का इस अवसर पर सम्मान किया गया।

**भविष्य में विस्तार पर विचार:** लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त डॉ. सिंगल ने कहा कि पुलिसकर्मी कर्तव्य पर रहते हुए अपने बच्चों की देखभाल को लेकर चिंतित रहते हैं। ‘चिमनीघर’ के माध्यम से 25 बच्चों की संगोपन व्यवस्था हो रही है। आने वाले समय में परिमंडल स्तर के पुलिस उपायुक्त कार्यालयों में भी ऐसी सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार किया जा रहा है। पुलिस आयुक्तालय में विपश्यना केंद्र शुरू करने की भी योजना है ताकि पुलिसकर्मियों के तनाव को कम किया जा सके। सह पुलिस आयुक्त रेड्डी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों के लिए प्रशिक्षित मानवबल मिलना कठिन होता है। इस समस्या को देखते हुए पुलिस कल्याण निधि से ‘चिमनीघर’ का संचालन होगा और यह सेवा कभी बाधित नहीं होगी। तत्कालीन गृहमंत्री आबा पाटील ने राज्यभर में पुलिस मुख्यालयों से जुड़े पालणाघर की अभिनव संकल्पना 2014 में शुरू की थी। नागपुर में तत्कालीन पुलिस आयुक्त के. के. पाठक के कार्यकाल में इसका उद्घाटन हुआ था। लगातार छह -सात साल सेवा देने के बाद कोरोना काल में रखरखाव की कमी के कारण इसे बंद करना पड़ा। अब नए रूप में यह ‘चिमनीघर’ फिर से पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए खुल गया है।



# ग्रामपंचायत पिपलधरा में 'आदि सेवा केंद्र' का शुभारंभ संपन्न!

**हिंगना.**




प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत हिंगणा तहसील के ग्राम पंचायत पिपलधरा में 'आदि सेवा केंद्र' का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाना, उन्हें सरकारी योजनाओं और सेवाओं तक आसानी से पहुंच उपलब्ध कराना तथा उनकी शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करना है। उद्घाटन समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत पिपलधरा में किया गया, जहां कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत समिति हिंगणा के गट विकास अधिकारी संदीप गोडशलवार के हस्ते संपन्न हुआ। इस अवसर पर अभियान के नोडल अधिकारी विलास जेमती (विस्तार अधिकारी, सांख्यिकी), शेषराव बानाईत (कनिष्ठ अभियंता), सरपंच कृष्णाजी ताडाम, उपसरपंच धोइबाजी उईके, ग्राम पंचायत सदस्य जयश्री उईके, वैजंती गौरकर, विष्णु सोनवाने, यमुना आतराम, राहुल भोंडे, यशोदा गडमडे, आदित्य मारबते, सुंदर पारसे, ग्राम पंचायत अधिकारी नितीन उमरेडकर, कृषि अधिकारी सुनिल गायधने, ग्राम महसूल अधिकारी प्रीति मुदीराज, जिल्हा परिषद स्कूल की मुख्याध्यापिका रंजना पोतदार, आंगनवाड़ी सेविका मंगला उईके, आशा वर्कर मनिषा नागोसे, ग्राम पंचायत कर्मचारी सेवक उईके, संगणक परिचालक स्नेहल नागोसे सहित कई अधिकारी, कर्मचारी, बचत गट की अध्यक्षा, सचिव तथा बड़ी संख्या में ग्रामस्थ और महिलाएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर 'आदि कर्मयोग अभियान' के अंतर्गत ग्राम का भौतिक दृष्टिकोण से आराखड़ा तैयार करने, ग्राम विकास की समस्याओं का समाधान निकालने और आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजा पिपलधरा ग्राम पंचायत में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामस्थों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान गांव फेरी एवं शिवार फेरी आयोजित कर नागरिकों व किसानों से संवाद किया गया तथा उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकासात्मक आराखड़ा तैयार किया जा रहा है।

**मुख्य उद्देश्य:**

1. आदिवासी समाज को शासन की सेवाओं से जोड़ना
2. शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निवारण
3. ग्राम विकास के लिए समग्र योजना तैयार करना
4. यह 'आदि सेवा केंद्र' गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# पोरवाल जूनियर कॉलेज में काव्य-गायन कार्यक्रम

**कामठी.**




सेठ केसरीमल जूनियर कॉलेज में अभिजात मराठी सप्ताह के उपलक्ष्य में काव्य गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल ने की ! इस अवसर पर मुख्य अतिथी के रूप मे पर्यवेक्षक वी. बी. वंजारी डॉ. नीता वानखेड़े उपस्थित थे। प्रोफेसर आशीष क्षीरसागर कार्यक्रम के परीक्षक थे।

इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को मराठी भाषा की मधुरता और काव्य गायन के आनंद के बारे में बताया। उनके प्रेरक शब्दों ने विद्यार्थियों में मराठी भाषा के प्रति गौरव की भावना जगाई। साथ ही, काव्य गायन के माध्यम से भाषा की समृद्ध परंपरा को संरक्षित करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को काव्य के विभिन्न रसों, अलंकारों और अभिव्यक्ति के गुणों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर जूनियर कॉलेज की छात्रा अक्षरा फुलझेले, पूर्णिमा गावंडे आरुषि गजभिए, अक्षरा, लीना वाणी, सुहानी लेंडे, नंदिनी मेश्राम, धनश्री बोरकर, समीक्षा गोरले, सोनाक्षी ने काव्य गायन और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी कविता व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये. प्रो.वी.बी.वंजारी, प्रो डॉ.नीता वानखेड़े, प्रो.आशीष क्षीरसागर, प्रो. डॉ. किरण पेठे, प्रो. किरण पुडके, प्रो.रिंकी ने कविता गाकर छात्रों का आनंद दोगुना कर दिया। प्रोफेसर आशीष क्षीरसागर ने नारायण सुर्वे की मार्मिक कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा गावंडे और अक्षरा गजभिये ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन लीना वाणी ने किया. संकाय सदस्यों और छात्रों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त की और बड़ी संख्या में भाग लिया।

# धम्मचक्र प्रवर्तन दिन पर शासकीय आयुर्वेद कॉलेज की स्वर्णिम स्वास्थ्य सेवा

**नागपुर.**



शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, नागपुर ने धम्मचक्र प्रवर्तन दिन के अवसर पर दीक्षाभूमि पर आए नागरिकों के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी स्वास्थ्य सेवाओं का सफल आयोजन किया। यह सेवा शिविर कॉलेज के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष रूप से आयोजित किया गया। इस दौरान हजारों मरीजों की चिकित्सा की गई और उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का विधिवत उद्घाटन डॉ. प्रकाश कापर्डे और डॉ. राजकुमार खियानी की उपस्थिति में हुआ, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेन्द्र सोनेकर ने की। कॉलेज की यह पहल दीक्षाभूमि पर उमड़ी भीड़ को तत्काल और आवश्यक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने की अपनी परंपरा को मजबूती से आगे बढ़ाती है।

शिविर में डॉ. बबासाहेब आंबेडकर मेडीकोज असोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज श्यामकुंवर, सचिव ज्ञानेश्वर मेश्राम, तथा विभाग प्रमुखों में डॉ. मनीष भोयर, डॉ. अरुण भटकर, डॉ. सुशील वैरागडे, डॉ. स्फूर्ति बनसोड, डॉ. कल्पना चव्हाण, डॉ. गणेश टेकाडे, डॉ. राजेश उरकाले सहित कई अन्य चिकित्सकों ने अपनी बहुमूल्य सेवाएँ प्रदान कीं। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन डॉ. माधुरी नगराले ने किया, और अंत में डॉ. सुशील चवरे ने सभी अतिथियों और सेवादाताओं का आभार व्यक्त किया। इस भव्य स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, नागपुर ने एक बार फिर जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

# नागपुर ग्रामीण टेनीकॉइड टूर्नामेंट में प्रियांती स्कूल का जलवा

**कामठी.**




स्वर्गीय गंगाधरराव फडणवीस क्रीडा संकुल में 24 सितंबर को आयोजित नागपुर ग्रामीण टेनीकॉइड टूर्नामेंट में प्रियांती इंग्लिश स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। नंइस शानदार जीत के साथ ही इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने आगामी विभागीय स्पर्धा के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है। स्कूल के छात्रों का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है और अब वे अगले स्तर पर नागपुर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों दोनों ही वर्गों में प्रियांती इंग्लिश स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार सफलता प्राप्त की।

19 वर्ष ग्रुप पुरुष में, चित्रांश शहाणे, गौरव काले, हिमांशू ठाकरे, अर्पण तडस, मथुरेश काळे, 19 वर्ष महिला ग्रुप में भैरवी सहारे, चैताली भोयर, प्रिया देवगडे, विदिशा निकालजे, संस्कृती गोतमारे को प्रियांती इंग्लिश स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के प्रबंधन, शिक्षकों और समस्त स्टाफ ने सभी विजेता विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। उनकी जीत ने स्कूल का नाम रोशन किया है।

इन सभी खिलाड़ियों को अब विभागीय स्तर पर होने वाली स्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। टेनीकॉइड के खेल में प्राप्त इस सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इन युवा खिलाड़ियों से भविष्य में और भी बड़ी सफलताओं की उम्मीद है।

# कुहीट में धूमधाम से रावण दहन

**कुहीट.**



विजयादशमी का पर्व कुहीट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री महारुद्र हनुमान मंदिर (खातीपुरा) प्रांगण में पंद्रह फुट ऊँचे रावण का दहन किया गया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। रावण दहन के बाद "प्रभु सियावर रामचंद्र की जय" के गगनभेदी नारे गूँज उठे।

इस अवसर पर निकाली गई भव्य विजय शोभायात्रा ने लोगों का दिल जीत लिया। इसमें भगवान श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण, हनुमान सहित वानरसेना और रावण के प्रतीकात्मक युद्ध का मंचन किया गया। बालगोपाल वानरसेना की आकर्षक वेशभूषा कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी सचिन घुमरे, पार्षद मयूर तलेकर, दीपक लांजेवार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। आयोजन में युवाओं की अहम भूमिका रही। बारिश की बाधाओं के बावजूद खातीपुरा क्षेत्र के युवाओं ने पंद्रह दिनों की मेहनत से रावण की प्रतिकृति तैयार की।

दहन से पूर्व और पश्चात आतिशबाजी से आकाश जगमगा उठा। इस दौरान श्री महारुद्र हनुमान मंदिर में विशेष आरती का भी आयोजन हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभम शेंडे, आकाश शेंडे, प्रशांत शेंडे, विनय बोरकर, गाजू देवताले, स्वप्निल चाचेरकर, अंगद शेंडे, राजू शेंडे, नरेश देवताले, मनोज देवताले, चंदू वांड्रे, रूपेश देवताले, विनोद चावरे, रोशन शेंडे, कार्तिक लेंडे, आकाश गुरनेले, कुणाल बावने सहित अनेक युवाओं का विशेष योगदान रहा।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर खापरखेड़ा में स्वच्छता व जनजागरण अभियान

**खापरखेड़ा .**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में खापरखेडा स्थित शंकरराव चव्हाण विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय तथा शंकरराव चव्हाण इंग्लिश स्कूल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गांधी-शास्त्री प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि से हुई। इसके बाद विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। "स्वच्छता ही सेवा है" के संदेश के साथ विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने विद्यालय को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गांधीजी के सत्य और अहिंसा के विचारों तथा शास्त्रीजी के "जय जवान जय किसान" के नारे पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इन कार्यक्रमों से विद्यालय का वातावरण देशभक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम में विद्यालय की मुख्याध्यापिका वीणा पांडे, मोनाली सुरकर, वरिष्ठ शिक्षक गणेश चिखले समेत बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अतिवृष्टि से मच्छीमारों को हुए नुकसान पर किसानों की तरह मुआवजा की मांग

**नागपुर.**




विदर्भ विभागीय मच्छिमार सहकारी संघ मर्यादित की हाल ही में संपन्न हुई आमसभा ने विदर्भ के मच्छिमार समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक मांग को जन्म दिया है।

प्रेम गजभारे की अध्यक्षता में हुई इस सभा का मुख्य विषय था अतिवृष्टि (भारी बारिश) से मच्छिव्यवसाय को हुआ भारी नुकसान और उसके लिए मुआवजे की मांग। विदर्भ क्षेत्र की अनेक मच्छिमार संस्थाओं के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की, जिससे उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति नई नेतृत्व टीम से बड़ी अपेक्षाएं जुड़ी हैं।

यह आमसभा मच्छिमारों की एकजुटता और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष को दर्शाती है।

सभा में सदस्यों ने पुरजोर तर्क दिया कि जब सरकार ने मच्छिमार संस्थाओं को कृषि का दर्जा दिया है, तो प्राकृतिक आपदाओं, जैसे कि अतिवृष्टि, से उनके व्यवसाय को हुए नुकसान पर भी किसानों की फसलों की तरह भरपाई मिलनी चाहिए। भारी बारिश ने उनके मच्छिव्यवसाय को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ गया है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, सदस्यों ने तत्काल सरकारी मुआवजे की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि वे इस आपदा से उबर सकें और अपना व्यवसाय फिर से शुरू कर सकें।

मच्छिमारों की इस गंभीर मांग पर संघ के अध्यक्ष प्रेम गजभारे ने आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि संचालक मंडल जल्द ही जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को इस संबंध में ज्ञापन सौंपेगा।

इससे भी महत्वपूर्ण, उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री से मुलाकात करने और उन्हें मच्छिव्यवसाय को हुए नुकसान से अवगत कराते हुए, क्षतिपूर्ति की पुरजोर मांग करने की बात कही है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व विदर्भ गोल्डन न्यूज संपादक एम.ए. जब्बार को सम्मानित भी किया गया, लेकिन सभा का मुख्य संदेश यही था कि विदर्भ का मच्छिमार समुदाय अब अपने कृषि दर्जे के अनुरूप मुआवजा पाने के लिए संघर्ष करने को तैयार है।

# मेहरबाबानगर में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि रास-गरबा महोत्सव

**वाडी.**



मेहरबाबा नगर मानेवाड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति द्वारा आयोजित नवरात्रि रास गरबा महोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया।

यह महोत्सव लगातार दूसरे वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 22 सितंबर से 3 अक्टूबर 2025 तक किया गया, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों ने परिवार सहित बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र के वरिष्ठ मान्यवरों के हस्ते माता रानी की आरती के साथ की गई।रोजाना गरबा नृत्य के साथ-साथ बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी दौरान डॉ. संदीप रजक द्वारा एक मुफ्त मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें चश्मे, दवाइयां और दांतों की जांच जैसी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

महोत्सव के समापन दिवस यानी 3 अक्टूबर को महाप्रसाद (स्नेहभोज) और जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरण के दौरान मेहरबाबा नगर के बच्चों ने "विविधता में एकता" के संदेश को उजागर करते हुए महापुरुषों और देवी-देवताओं की झांकी प्रस्तुत की, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही।अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को पारितोषिक देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रीतेश चवरे, प्रशांत रजक, डॉ. संदीप रजक, सागर दुरुगकर, गुड्डु दुरुगकर, संजय उज्जैनकर, आशीष बोराडे, सचिन मेश्राम, नितिन मेश्राम, अजय डेंगरे, कुणाल उज्जैनकर, संकेत गोमेकर, पंकज तिवारी, पटेल , केने , विलास सोलंकी, पाटणे, रेवतकर तथा परिसर की सभी महिलाओं के सहयोग से संपन्न हुआ।

# रामटेक में हजारों श्रद्धालुओं ने देखा रावण वध का अद्भुत दृश्य, ऐतिहासिक पल

**रामटेक.**





पावन नगरी रामटेक में दशहरे के अवसर पर रावण वध का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। डिगी मैदान में जैसे ही भगवान श्रीराम ने शस्त्रसज्ज ध्वजवाहकों की अगुवाई में रावण का वध किया, पूरा वातावरण "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठा।

रामटेक और अयोध्या की विशेष परंपरा के तहत यहाँ रावण का दहन नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक "वध" किया जाता है। इस बार भी विशालकाय रावण के साथ उसकी बहन शूर्पणखा की मूर्ति का नाक काटकर पौराणिक प्रसंग जीवंत किया गया। मिट्टी से बने भव्य पुतलों ने इस आयोजन की विशेषता को और बढ़ा दिया।

भक्तिभाव और वीर रस से ओतप्रोत इस आयोजन को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु डिगी मैदान में एकत्र हुए। आखाड़ों की जीवंत प्रस्तुतियां और ध्वजधारियों की सजीव झांकी ने युद्ध का वास्तविक दृश्य उपस्थित कर दिया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

इस अवसर पर एस.डी.ओ. प्रियेश महाजन, तहसीलदार रमेश कोळपे, एसडीपीओ रमेश बरकते, पुलिस निरीक्षक अरविंद कतलम, मुख्याधिकारी पल्लवी राऊत सहित कई मान्यवर मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद बंदोबस्त किए।

दसरा पर्व पर रामटेक के घर-घर में प्रभु श्रीराम के विजयी ध्वजों की पूजा की गई और लोगों ने एक-दूसरे को "सोना" भेंट कर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

रामटेक का यह अनूठा उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

# 'हृदय निरोगी – भारत निरोगी' का सामूहिक संकल्प

## > कोंढाली में मिनी मैराथन में उमड़ा जनसागर

**कोंढाली.**




माधवबाग हॉस्पिटल व्यापारी संघटना और मित्र परिवार के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 5 अक्टूबर की सुबह "हृदय निरोगी – भारत निरोगी" के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से चार किलोमीटर की मिनी मैराथन का आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्यदायी पहल में करीब 250 से अधिक नागरिकों — जिनमें बच्चे, युवक-युवतियाँ, महिलाएँ और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे — ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जयस्तंभ चौक से प्रारंभ हुई दौड़ में "आरोग्य की ओर", "व्यायाम है जीवन" और "निरोगी हृदय, निरोगी भारत" जैसी घोषणाओं से वातावरण स्वास्थ्य चेतना से भर गया। हृदय रोगमुक्त भारत का लक्ष्य मैराथन का उद्देश्य हृदय रोगों के प्रति जनजागरूकता फैलाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। माधवबाग हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ. राघवेंद्र सिंह ने कहा — > "भारत में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रतिदिन 30 मिनट व्यायाम, तनावमुक्त जीवन, संतुलित आहार और तेल-चीनी का सीमित सेवन ही हृदय को स्वस्थ रखने की चाबी है।" योग साधना और स्वास्थ्य मार्गदर्शन कार्यक्रम के दौरान पिठाधिश्वर महंत स्वामी सुर्यानंद गिरीजी महाराज ने कहा — > "शरीर, मन, बुद्धि और आत्मसंयम — यही अच्छे स्वास्थ्य के चार स्तंभ हैं। समय पर विश्राम, संतुलित आहार और नियमित साधना से ही हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है।" इसके बाद योगाचार्य डॉ. निलेश ठाकरे, जयंत ठाकरे और पानपत्ते गुरुजी ने योगासन, प्राणायाम और सूर्यनमस्कार का प्रदर्शन किया। आरती चरडे और सपना सरोदे ने भी सहयोग किया।

हर उम्र का सहभाग, स्वास्थ्य का उत्सव 10 वर्ष के बच्चों से लेकर 90 वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों तक सभी ने मैराथन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह और स्वास्थ्य जागरूकता सामग्री वितरित की गई।

डॉ. सिंह ने कहा — > "रोजाना आधे घंटे की सक्रियता और नियमित स्वास्थ्य जांच से हृदय रोगों को प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रित किया जा सकता है।" सम्मान और प्रेरणा

कार्यक्रम में महिला व पुरुष प्रतिभागियों को टी-शर्ट और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

सफल आयोजन में सचिन सावरकर, तुषार वंजारी, सुरेंद्र भाजिखाये, सौ. बालपांडे और मित्र परिवार के सदस्य सक्रिय रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राघवेंद्र सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. निलेश ठाकरे ने किया।

आयोजकों का संदेश व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा > "ऐसे सामूहिक उपक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच पैदा करते हैं। माधवबाग हॉस्पिटल का 'हृदय रोगमुक्त भारत' अभियान जनजागरण की दिशा में सराहनीय कदम है।" स्वास्थ्य की दिशा में संगठित कदम यह मिनी मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन थी, जिसने नागरिकों में हृदय स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना जगाई।

सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में संकल्प लिया > "निरोगी हृदय – निरोगी भारत।" यह सामूहिक प्रयास निश्चय ही आने वाले समय में स्वस्थ, सशक्त और जागरूक भारत के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## मारेगांव तहसील में भारी बारिश और ओलावृष्टि से खरीफ फसलों को नुकसान

> शिवसेना कार्यकर्ताओं ने खेतों में जाकर लिया जायजा



**यवतमाल.**

मारेगांव तहसीलो में लगातार हो रही बारिश ने हालात ख़राब कर दिए हैं, जिसका किसानों की खरीफ फसल पर गहरा असर पड़ा है। खेतों में पानी भर जाने से सोयाबीन और अरहर जैसी फसलों को भारी नुकसान हुआ है और किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। इससे किसान हताश और चिंतित हैं।

इस पृष्ठभूमि में, शिवसेना (शिंदे गुट) ने किसानों को हुए नुकसान का सर्वेक्षण किया। पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे मुंबई दशहरा सभा में शामिल होने के बजाय, स्थानीय स्तर पर भारी बारिश से प्रभावित किसानों की स्थिति का जायजा लें और तुरंत जानकारी भेजें।

इस आदेश के अनुसार, मारेगांव तहसील के विभिन्न गांवों का दौरा किया गया और किसानों के खेतों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान तहसील प्रमुख विशाल किन्हेकर मुख्य रूप से उपस्थित थे। शिवसेना पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने और उन्हें तत्काल सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# भिवापुर में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

> विधायक राजेश बकाने ने दी मदद

> ठाकरे परिवार के वारिसों को 4 लाख रुपये के चेक सौंपे

**भिवापुर.**



वर्धा जिले के भिवापुर क्षेत्र में हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक ही परिवार के दो सदस्यों, अनिल दत्तूजी ठाकरे और सौरभ गजानन ठाकरे की बिजली गिरने से मृत्यु हो गई। इस घटना से गाँव में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद, देवली-पुलगाव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश बकाने ने तुरंत प्रशासन से संपर्क किया और सरकारी सहायता स्वीकृत करवाने का प्रयास किया।

विधायक राजेश बकाने ने दोनों मृतकों के वारिसों को सरकार द्वारा स्वीकृत 4-4 लाख रुपये के चेक सौंपे। घटना में घायल हुए वेदांत अनिल ठाकरे को भी 5400 रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर वर्धा के तहसीलदार संदीप पुंडेकर, नायब तहसीलदार दाबेराव के साथ ही मिलिंद भेंडे, प्रवीण पाल, प्रवीण काटकर, पुलिस पाटिल उमेश टोनपे, तलाठी वंदना सव्वालाखे, ग्रामसेवक प्रमोद राउत, शेखर कोल्हे, गजानन निवल, विठ्ठल धोटे, अशोक मसकर, सुरेश पाल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक राजेश बकाने ने कहा कि, ठाकरे परिवार पर पड़ा दु:ख अथाह है।

जो जानें गईं हैं उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता, लेकिन सरकार द्वारा प्राप्त यह सहायता उनके दु:ख में कुछ राहत प्रदान करेगी। संकट की किसी भी घड़ी में लोगों के साथ मजबूती से खड़ा रहना मेरा कर्तव्य है। विधायक बकाने ने घटना के बाद न केवल सरकारी सहायता प्रदान की, बल्कि ठाकरे परिवार से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी। ग्रामीणों ने उनकी संवेदनशीलता की सराहना की. तथा विधायक बकाने के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे एक सच्चे जनसेवक हैं, जिन्होंने संकट के समय मदद का हाथ बढ़ाया।

## नंदिनी बर्वे ने पीपल के पत्ते पर बनाया अद्भुत चित्र

**वर्धा.**




सुशील हिम्मत सिंगका विद्यालय, महिला सेवा मंडल वर्धा द्वारा कल 4 अक्टूबर को स्वर्गीय रमा बहन रुइया (मामी माँ) की 101वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सुशील हिम्मतसिंगका विद्यालय की कला शिक्षिका नंदिनी गजानन बर्वे ने पीपल के पत्ते पर अपनी प्रिय मामी माँ का एक अत्यंत सुंदर एवं भावपूर्ण चित्र बनाकर विद्यालय के सचिव पवन रुइया, रश्मि रुइया एवं चेतना दीदी को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। इस प्रकार मामी जी की यादें एक बार फिर ताज़ा हो गईं। इस अवसर पर मंच पर सुशील हिम्मत सिंगका विद्यालय के प्रधानाचार्य शेषरावजी पाटिल, कार्यक्रम की अध्यक्ष गीता दीदी गुप्ता एवं मुख्य अतिथि दीपक हिम्मतसिंगका, बजाज मामाजी, तथा महिला आश्रम द्वारा संचालित सभी संस्थाओं के प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

इससे पहले नंदिनी बर्वे ने रंगोली और लकड़ी पर स्वर्गीय रमाबहन रुइया का अद्भुत चित्र बनाया था, लेकिन इस बार पीपल के पत्ते पर मामीजी का चित्र मन को छू गया। विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं भाई-बहनों ने चित्र बनाने के लिए अभिनंदन और प्रशंसा की।

## लोकनेता रमेश वरकड की स्मृति में साहूर में भव्य श्रद्धांजलि समारोह आज

> भजन, कीर्तन, वृक्षारोपण और महाप्रसाद का होगा

> आयोजन; विधायक दादाराव केचे, सुमित वानखेड़े सहित कई गणमान्य रहेंगे उपस्थित

**वर्धा.**



जनसेवा और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित रहे लोकनेता रमेशभाऊ वरकड की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज साहूर में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संगीत, भजन-कीर्तन, वृक्षारोपण और महाप्रसाद जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे वृक्षारोपण से होगी। सुबह 9 बजे प्रसिद्ध गायक प्रशांत रोंघे, योगेश चांदुरकर और विनय तलहांडे संगीतमय श्रद्धांजलि प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद सुबह 10 बजे ह.भ.प. नारायणदास महाराज पडोले का कीर्तन एवं सत्संग होगा।मुख्य श्रद्धांजलि समारोह दोपहर 12 बजे गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विधायक दादाराव केचे, विधायक सुमित वानखेड़े, पूर्व सांसद रामदास तड़स, भाजपा नेत्री नंदा रमेशराव वरकड, अशोक विजयकर, उत्तमराव करांगले, सचिन होले, छाया घोडिले, गोविंदा खंडाळे, प्रकाश गायकवाड़, रीताताई ढवले, विनोद सोनोने और प्रभाकर भोरे प्रमुख रूप से शामिल होंगे। मुख्य कार्यक्रम के बाद आरती, मौन श्रद्धांजलि, जयघोष और दोपहर 1 बजे महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रमेश खरबड़े, मनोहर बिजवे, गोपाल गावंडे, प्रशांत काकपुरे, श्रीकृष्ण खिरड़कर, राजेश खरड़े, राजू राऊत, गजानन भोरे और दीपक ढवले ने ग्रामीणों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

**लोकनेता रमेश वरकड का जीवन परिचय:** रमेशभाऊ वरकड साहूर ग्राम पंचायत के तीन बार सरपंच, तीन बार जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं उपसभापति रहे। उन्होंने जिला योजना समिति के सदस्य तथा सरकार द्वारा नियुक्त आमंत्रित सदस्य के रूप में भी कार्य किया। लगभग 35 वर्षों तक पंचायत राज संस्थाओं में सक्रिय रहते हुए उन्होंने ग्रामीण विकास और समाजसेवा को समर्पित जीवन जिया।

## उत्साहपूर्वक मनाई गई खानगांव में महात्मा गांधी जयंती



**मोझरी.**

2 अक्टूबर को निकटवर्ती खानगांव (गोटाडे) ग्राम पंचायत कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पुलिस पाटिल मनोज हिवरकर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का पूजन किया। तत्पश्चात, उनके जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और गांधीजी के विचारों को याद किया। इसी दिन साती स्थित प्राथमिक विद्यालय में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। हिंगनघाट पंचायत समिति के पूर्व उपाध्यक्ष अमोल गायकवाड़ ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमा का पूजन और माल्यार्पण किया। विद्यार्थियों ने गांधीजी और शास्त्रीजी के जीवन पर भाषण दिए, विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के छात्र, शिक्षक और अभिभावक बड़ी संख्या में इस आयोजन में शामिल हुए।

इस अवसर ने सभी को देशभक्ति, एकता और अहिंसा के महत्व की याद दिलाई।

## अज्ञात चोरों ने दो ट्रैक्टरों की बैटरियां चुराई




**वर्धा.** जिले के अल्लीपूर गांव में चोरी की एक घटना सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने दो ट्रैक्टरों की बैटरियां चुरा लीं। यह ट्रैक्टर मुकेश राळेकर और अतुल राळेकर के स्वामित्व में हैं। ट्रैक्टर क्रमांक एमएच 32 ए एक्स 1531 और एमएच 32 पी 3518 से बैटरियां चोरी की गईं। यह घटना 5 तारीख की मध्यरात्रि करीब 3 बजे की है, जब अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों ने दोनों ट्रैक्टरों से फिट की हुई बैटरियां निकाल लीं। चोरी गई बैटरियों की कीमत लगभग 10 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित मुकेश राळेकर ने आज, 5 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे अल्लीपूर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले की जांच ठाणेदार विजयकुमार घुले के मार्गदर्शन में की जा रही है।

## कबड्डी आत्मविश्वास और नेतृत्व गुण विकसित करने वाला खेल है: इमरान राही

> वर्धा शालेय कबड्डी स्पर्धा का भव्य उद्घाटन संपन्न

**वर्धा .**

प्राचीन भारतीय परंपरा से जुड़ा कबड्डी खेल केवल शारीरिक क्षमता का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना का भी प्रतीक है। यह खेल खिलाड़ियों में तंदुरुस्ती, अनुशासन, त्वरित निर्णय क्षमता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। ऐसा प्रतिपादन ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही ने वर्धा में आयोजित तालुका स्तरीय शालेय कबड्डी स्पर्धा के उद्घाटन समारोह में किया।

यह स्पर्धा महाराष्ट्र राज्य पुणे क्रीड़ा व युवक सेवा संचालनालय, जिला क्रीड़ा परिषद वर्धा तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में जिला क्रीड़ा संकुल वर्धा में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पंकज वंजारे के हाथों हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में कोशी उल्हास वाघ, स्पर्धा निरीक्षक महेश शेंद्रे, क्रीड़ा संकुल प्रबंधक रवि काकडे, वर्धा जिला हौशी कबड्डी संघ के अध्यक्ष महेश सिंह ठाकुर, जिला क्रीड़ा अधिकारी आशा मेश्राम, स्पर्धा प्रमुख सायली चन्नावार, तथा शिक्षकगण कराळे, राऊत सर, आशीष पोहाणे, साहिल वाघ, प्रविण सातोकर, अश्विन भोंगाडे, अनिकेत खुजे, विलास वाघाडे, अक्षय वांदिले और सौरभ सलामे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।उद्घाटन के अवसर पर पंकज वंजारे ने कहा कि कबड्डी एक सच्चा भारतीय खेल है, जिसके लिए किसी महंगे उपकरण की आवश्यकता नहीं होती।

यह खेल खिलाड़ियों में न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता, रणनीतिक सोच और टीम समन्वय को भी सशक्त बनाता है।कार्यक्रम का संचालन अमोल मानकर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन वैभव साखरकर ने किया। इस स्तरीय स्पर्धा में लगभग 600 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की।

## दुर्गा विसर्जन के दौरान पुलिस पर धारदार हथियारों से हमला



> दो आरोपी गिरफ्तार

**हिंगनघाट.**

शहर के कांरजा चौक में दुर्गा विसर्जन के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो गुटों में विवाद हो गया। विवाद शांत कराने पहुंची पुलिस पर ही अचानक धारदार हथियारों से हमला कर दिया गया। इस हमले में पुलिस कर्मी घायल हो गए, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, हिंगणघाट शहर में सोमवार को दुर्गा विसर्जन की शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इसी दौरान कांरजा चौक में दो गुटों के बीच कहासुनी शुरू हुई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने हस्तक्षेप किया, तभी कुख्यात अपराधी विशाल उर्फ बढ़रु कूलमंते और उसका साथी रामदास वाटणकर (दोनों निवासी संत कबीर वार्ड) ने पुलिस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।घटना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर थाने में हिरासत में लिया।

उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच जारी है और शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर लाखों लोगों को भोजनदान

> लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) व ऐश्वर्या बहुद्देश्यीय संस्था का उपक्रम

**नागपुर.**







धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के उपलक्ष्य में नागपुर स्थित ऐतिहासिक दीक्षा भूमि पर देशभर से आए लाखों बौद्ध अनुयायियों के लिए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) विदर्भ प्रदेश इकाई एवं ऐश्वर्या बहुउद्देशीय संस्था की ओर से भव्य भोजनदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस उपक्रम का उद्घाटन एडवोकेट धर्मपाल मेश्राम, उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति आयोग, महाराष्ट्र शासन के हाथों संपन्न हुआ, जबकि अध्यक्षता सतीशभाऊ लोणारे, प्रदेश अध्यक्ष, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने की। कार्यक्रम के तहत सुबह 7 बजे से ही नि:शुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर आरंभ हुआ, जिसका संचालन डॉ. पलाश उके और डॉ. शुभेच्छा उके ने किया। दिनभर चले इस शिविर में हजारों लाभार्थियों ने नि:शुल्क चिकित्सा सेवा और औषधियों का लाभ उठाया। सतीशभाऊ लोणारे ने अपने संबोधन में कहा, > “दीक्षा भूमि की इस पवित्र धरती पर कोई भी व्यक्ति भूखा या बीमार रहकर वापस नहीं जाना चाहिए।” कार्यक्रम में धर्मपाल मेश्राम ने अपने उद्बोधन में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और ऐश्वर्या संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये संगठन समाज के वंचित वर्गों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं और त्वरित समाधान के लिए शासन स्तर पर मार्गदर्शन करते हैं।

उद्घाटन समारोह में प्रेमकुमार मिश्रा (शहर अध्यक्ष, लोजपा रामविलास, नागपुर) सहित कई पदाधिकारियों—देविदास बारसागडे, मनोहर गणेर, केशवराव तितरे, बबनराव जारोंडे—ने भी संबोधन किया।मुख्य आयोजन की जिम्मेदारी सतीश लोणारे और संस्था अध्यक्षा सौ. अमृता लोणारे ने निभाई।

कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति में शेखर बारमाठे, गुनवंता पुनवठकर, हार्दिक लोणारे, चैतन्य कोठांगले, अक्षय जांभुळकर, कुनाल गनविर, औंकार अंबादे, नागराज शैलारे, चित्रा बारमाठे समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने मिलकर लाखों श्रद्धालुओं तक भोजन पहुंचाकर इस पुण्यकार्य को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने प्रवीण कावरे और उनकी टीम का विशेष आभार व्यक्त किया।

## ताले के विवाद में बेटे ने कर दी पिता की हत्या, शेकापुर में मचा हड़कंप!



**हिंगनघाट.**

तहसील के अंतर्गत आने वाले वडनेर पुलिस थाने के शेकापुर गांव में शनिवार को पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया। मामूली ताले को लेकर हुए झगड़े में बेटे ने अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक शालिक देवराव तिजारे (उम्र 65) ने अपने बेटे दिनेश शालिक तिजारे (उम्र 35) के घर में पुराने मकान का सामान रखकर घर को ताला लगाया था। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर दिनेश ने कुल्हाड़ी उठाई और अपने पिता पर वार कर दिया, जिससे शालिक तिजारे की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही वडनेर पुलिस थाने के अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। ठाणेदार श्याम पाटील ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आरोपी बेटे दिनेश तिजारे को गिरफ्तार कर लिया। आगे की जांच पीएसआई वर्मा के मार्गदर्शन में की जा रही है। इस दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे शेकापुर गांव को स्तब्ध कर दिया है। ग्रामीणों में भय और शोक का माहौल है।

## निकृष्ट सड़क निर्माण से बढ़ रहे हादसे; पुलिस को नागरिकों का निवेदन

**हिंगनघाट.**



शहर के पास हिंगनघाट-वर्धा रोड की खराब सड़क स्थिति के कारण सड़क हादसों में वृद्धि हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि सड़क की गुणवत्ता अत्यंत खराब है और गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। इस संबंध में अंतुल वांदीले (महासचिव, शरदचंद्र पवार पार्टी), मोहम्मद रफीक सहित अन्य नागरिकों ने हिंगणघाट पुलिस स्टेशन के ठाणेदार को निवेदन सौंपा। निवेदन में उन्होंने कहा कि 2 सितंबर को हुई गंभीर दुर्घटना इस सड़क की निकृष्ट गुणवत्ता का प्रत्यक्ष उदाहरण है।नागरिकों ने मांग की है कि जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए और सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए। पुलिस की ओर से इस प्रकरण में आवश्यक कार्रवाई की जाने की संभावना जताई गई है।

# कवड़घाट के पास आमने-सामने टक्कर में बेकरी व्यवसायी की मौत

**हिंगनघाट.**







प्रसिद्ध बेकरी व्यवसायी शकील अहमद खान (49 वर्ष) की शुक्रवार रात करीब 11 बजे सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, शकील खान अपनी नैनो कार से वर्धा की ओर जा रहे थे। कवड़घाट के पास सड़क पर बने बड़े गड्ढों से बचने के प्रयास में उनकी कार सामने से आ रही दूसरी कार से टकरा गई। भीषण टक्कर में गंभीर रूप से घायल शकील खान को तत्काल हिंगनघाट के लोढ़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बाद में उन्हें नागपुर ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर वापस हिंगणघाट उपजिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शकील खान की आकस्मिक मृत्यु से हिंगणघाट में शोक का माहौल है। शहर के व्यापारी और नागरिक उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस ने इस दुर्घटना के मामले में वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है और एपीआई मुंडे के मार्गदर्शन में जांच जारी है। शनिवार को शकील खान का अंतिम संस्कार हिंगणघाट में बड़े श्रद्धांजलि समारोह के साथ किया गया, जिसमें शहर के व्यापारी और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ड्रैगन पैलेस में उत्कृष्ट सुविधा देने के लिए अधिकारियों का सम्मान



**कामठी.**

धम्मचक्र प्रवर्तन दिन के अवसर पर कामठी स्थित अंतर्राष्ट्रीय ड्रैगन पैलेस टेंपल में देश भर से आए लाखों श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के लिए नगर परिषद और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को सम्मानित किया गया है। यह पहली बार था।नगर परिषद मुख्याधिकारी विनोद जाधव के नेतृत्व में और पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम के मार्गदर्शन में इतनी बेहतरीन और सुनियोजित व्यवस्था की गई।

इस सराहनीय समन्वय के लिए रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री ॲड. सुलेखा कुंभारे ने डीसीपी निकेतन कदम, नवीन कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, नगर परिषद मुख्याधिकारी विनोद जाधव का सत्कार किया। नगर परिषद और पुलिस प्रशासन का यह समन्वय सभी स्तरों पर प्रशंसा का पात्र बना। नगर परिषद ने पेयजल, शौचालयों, प्रकाश व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी आवश्यक बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराईं, साथ ही परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया।

कचरा संग्रहण की 'घंटा गाड़ी' लगातार सड़कों पर घूमती रही, जिसके परिणामस्वरूप ड्रैगन पैलेस परिसर पूरी तरह स्वच्छ रहा। इसके अलावा, नगर परिषद ने एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया, जिसने पानी की आपूर्ति, स्वच्छता और आपातकालीन मरम्मत सहित सभी विभागों के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित किया, ताकि भक्तों को कोई परेशानी न हो। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी लाखों की भीड़ के बावजूद यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रभावी योजना बनाई। कामठी के दोनों पुलिस थानों के अधिकारियों और ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने जगह-जगह तैनात रहकर भीड़भाड़ को नियंत्रित किया, जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस ने मानवतावादी कार्य करते हुए लापता भक्तों को उनके रिश्तेदारों तक सुरक्षित पहुंचाने का भी प्रशंसनीय काम किया।

इस उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए, ॲड. सुलेखाताई कुंभारे ने महाराष्ट्र सरकार से आग्रह किया कि भविष्य में ऐसे सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए राज्य बजट में विशेष निधि का प्रावधान किया जाए। इस पहल ने एक बार फिर प्रशासन की संवेदनशीलता और समर्पण को साबित कर दिया है।



'रियल क्रिएटिव आर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित रास गरबा में भक्ति की उमंग और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां श्रद्धालुजन ताल और सुर के साथ गरबा की पावन लय में सराबोर होते नजर आए।'

## राहुल पद्मावत बने भाजपा आध्यात्मिक प्रकोष्ठ के प्रचार प्रमुख



**नागपुर.** भारतीय जनता पार्टी आध्यात्मिक प्रकोष्ठ नागपुर महानगर ने राहुल क. पद्मावत को प्रचार-प्रसार प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है। राहुल पद्मावत वर्तमान में ओरा डायमंड ज्वैलरी के शाखा प्रबंधक हैं। वे सनातन हिन्दू संस्कार जागरण सेवा समिति के संयोजक हैं तथा श्रीराम शोभायात्रा सेवक एवं गणेश टेकड़ी मंदिर के सक्रिय सेवक भी हैं। बचपन से ही वे आध्यात्मिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आशीर्वाद से राहुल पद्मावत, डॉ. श्रीरंग वरदपांडे के साथ मिलकर नागपुर शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करेंगे। गडकरी की संकल्पना के अनुरूप नागपुर महानगर में भजन स्पर्धा आयोजित की जाएगी, जिससे विभिन्न भजन मंडलियों को एक मंच प्राप्त होगा और उनका हौसला बढ़ेगा। राहुल पद्मावत ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत हर मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन के आयोजन का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि समाज में आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति का प्रसार हो सके।

## ट्रक की टक्कर से तेंदुए की मौत



**अमरावती.**

राजेश मालवीय. अमरावती. शहर के चांदूर रेलवे रोड पर स्थित राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) कैंप परिसर में शनिवार आधी रात को एक सनसनीखेज हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने अचानक सामने आए तेंदुए को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना से परिसर में हड़कंप मच गया। वन विभाग और पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। सड़क किनारे मृतावस्था में पड़े तेंदुए को देखने के लिए बड़ी भीड़ जमा हो गई। ट्रक चालक के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ऐसी जानकारी सूत्रों ने दी। एसआरपीएफ परिसर में तेंदुओं की बढ़ती मौजूदगी, पिछले कुछ वर्षों से अमरावती के एसआरपीएफ कैंप परिसर, तपोवन, विश्वविद्यालय और वडाली जंगल इलाके में तेंदुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुछ दिनों पहले इसी कैंप की दो मंजिला इमारत में तेंदुआ घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। अब ट्रक की टक्कर में एक तेंदुए की मौत होने से वन्यजीव प्रेमियों में गहरी चिंता और दुख व्यक्त किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों में दहशत का माहौल, शहर के मध्यवर्ती भागों में बार-बार तेंदुओं के दिखाई देने से लोगों में डर का माहौल है। महिलाएं और छोटे बच्चे बाहर जाने से कतराने लगे हैं। नागरिकों ने प्रशासन से तुरंत ठोस कदम उठाने की मांग की है। तेंदुए की यह मौत वन्यजीव संरक्षण के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है और वन विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक जांच शुरू कर दी है।

## बच्चों ने मां दुर्गा को दी भावभीनी विदाई

## आदिवासी नगर में नवदुर्गा उत्सव संपन्न



**नागपुर.** आदिवासी नगर में आदिवासी नवदुर्गा उत्सव मंडल में इस वर्ष नवरात्रि पर्व खास रहा। उपाध्यक्ष पंकज उइके, प्रज्ञा उइके, सबीना उइके, माहि उइके, रितिका उइके, कोमल उइके, सुरभि मडावी, सहित युवा और उत्साही बच्चे शुभम घोड़ाम, पंज उइके, अनिकेत घोड़ाम, और ओम कूड़मठे ने मिलकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की और पूरे 10 दिनों तक श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। बच्चों ने न केवल प्रतिमा की स्थापना की, बल्कि उत्सव की हर जिम्मेदारी बखूबी निभाई। उन्होंने झांकी सजावट, आरती की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन और भक्तों के लिए सेवा-जल की व्यवस्था, महाप्रसाद जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 11वें दिन, जब विसर्जन का समय आया, तो पूरे मंडल में एक भावनात्मक माहौल बन गया। बच्चों और उपस्थित जनसमूह ने नम आंखो से मां दुर्गा को विदाई दी। जयकारों के साथ मां को भावभीनी विदाई दी गई। इस पूरे आयोजन में स्थानीय लोगों का सहयोग सराहनीय रहा। बच्चों की मेहनत और समर्पण ने सभी का दिल जीत लिया.

# भारत के संतों ने बेरडी की पावन भूमि का ग्रंथों में किया उल्लेख



**सौंसर.** भारत की समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा में वेद से लेकर विभिन्न संप्रदायों का विकास हुआ है। इनमें से एक प्रमुख है वारकरी संप्रदाय, जो भक्ति, समर्पण और नामस्मरण की जीवंत परंपरा का प्रतीक है। इस संप्रदाय की जड़ें संत ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ और तुकाराम जैसे महान संतों तक जाती हैं, जिन्होंने समाज को भक्तिभाव और समानता का संदेश दिया। प्राचीन काल से वेद परंपरा से प्रारंभ होकर गानपथ, वैष्णव, शाक्त, शैव और शौर्य संप्रदायों का विकास हुआ।

आदि गुरु शंकराचार्य की प्रेरणा से विभिन्न देवताओं की उपासना के स्थान पर पंचदेव पूजा प्रणाली का प्रचलन हुआ। यह बात ग्राम बेरडी में आयोजित अखंड हरिनाम एवं श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह में धर्मगुरु अमृताश्रम स्वामी अमृत महाराज जोशी ने कही। जोशी महाराज ने बताया कि संत एकनाथ महाराज के शिष्य माधवजी माने परमहंस दंडवत स्वामी बड़े तपस्वी थे। उन्होंने महाराष्ट्र के पैठन क्षेत्र में गोदागंगा के तट पर मृत गधे को जीवित किया था। केशव महाराज ने इस आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ाया और चंद्र कुंड पर बैठकर कई धार्मिक ग्रंथों की रचना की। ऐसा कहा जाता है कि संत मानकुजी बोधला ने उनके मस्तक पर गंध तिलक किया था। लगभग 16वीं सदी के कालखंड में महाराष्ट्र से पदयात्रा करते हुए केशव महाराज विदर्भ और मध्य प्रदेश के सौसर तहसील के बेरडी गांव में आए थे। यहां उन्होंने 21 दिन अखंड गोविंद नाम उच्चारण करते हुए संकीर्तन किया। इसका उल्लेख भक्तानुभाव और देवभक्त कथामृत जैसे ग्रंथों में मिलता है। बेरडी बना आध्यात्म की भूमि, प्राचीन धार्मिक ग्रंथों और शास्त्रों में भारत के अनेक पवित्र स्थलों का उल्लेख मिलता है, जिनमें से एक है ग्राम बेरडी।

यह ग्राम आध्यात्मिक और धार्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण स्थल है, जहां भगवान की विशेष कृपा एवं साधना का महत्व माना गया है। बेरडी ग्राम तीर्थ-समान है, जहां भक्ति मार्ग की ज्योति प्रज्वलित रहती है, प्रभु नाम की गूंज निरंतर सुनाई देती है, और वातावरण सदैव पवित्र और कल्याणकारी होता है। यहां संत महात्माओं का आगमन, हरिकीर्तन, अखंड हरिनाम संकीर्तन तथा आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन सदियों से होता आ रहा है।

# 'मेलघाट मिशन 28' का दावा फेल!

## देश के पहले डिजिटल विलेज हरिसाल में नवजात शिशु सहित मां की मृत्यु, सरकार के दावों को करारा झटका!

**अमरावती.**

राजेश मालवीय. मेलघाट में मातृ मृत्यु का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। बीते एक महीने में तीन आदिवासी महिलाओं की मौत प्रसव के दौरान हो चुकी है, जिनमें दो घटनाएं चिखलदरा तहसील की और ताजा घटना आज धारणी तहसील के हरिसाल गांव में नवजात शिशु सहित मातृ मृत्यु की है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे मेलघाट को झकझोर कर रख दिया है। एक ओर सरकार मेलघाट में मातृ और शिशु मृत्यु दर घटाने के दावे कर रही है और 'मेलघाट मिशन 28' के नाम पर दिल्ली में 'स्कॉच अवॉर्ड' प्राप्त कर रही है, वहीं दूसरी ओर हकीकत बेहद भयावह है। देश का पहला डिजिटल विलेज हरिसाल आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है। सबसे चौंकाने वाली बात यह कि हतरू आरोग्य केंद्र में बिजली न होने के कारण रात 12 बजे मोबाइल टॉर्च की रोशनी में प्रसव कराया गया, और आज हरिसाल मे कुछ ही घंटों में मां और बच्चे दोनों की मौत हो गई। यह घटना प्रशासन की लापरवाही और दिखावटी आंकड़ों की पोल खोलने वाली है। स्थानीय ग्रामवासी और सामाजिक कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। उनका कहना है, भरारी टीमें मुख्यालय से गायब रहती हैं, स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार नदारद, और गर्भवती महिलाओं को एम्बुलेंस के लिए घंटों इंतजार यह है मेलघाट का भयावह सच।

## महबूबे सुभानी का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया




**सौंसर.** हर साल की तरह इस वर्ष भी महबूबे सुभानी (गौस पाक, सरकार) का वार्षिक उर्स मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉमि एकता दरगाह कमेटी सौंसर द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसमें सौंसर के सभी हिन्दू-मुस्लिम समुदाय ने एकता का परिचय दिया। रविवार को प्रातः 4:30 बजे गुसल, परचम कुशाई एवं चादर पेश की गई। इस अवसर पर समस्त क्षेत्र वासियों और देशवासियों की अमन-चैन के लिए दुआ की गई। दोपहर 1 बजे के बाद पूरे दिन लंगर (भंडारा) का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी मुरादें पूरी होने की दुआ मांगी। सामान्य जनता ने भी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाया।

इस वर्ष भी सभी लोग अपने-अपने समय पर आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में सौंसर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ व्यापारिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मुख्य रूप से दरबार के खादिम शरीफ बाबा मिस्किनी, रघुनाथ गजभिए, कमेटी के अध्यक्ष इशाक खान, सचिव तोफिक शेख, कोषाध्यक्ष अलकेश बविस्टाले, शेखर गोखे, प्रदीप कलसकर, मोरे अमोल कुमार आदि मौजूद थे।

## वर्षावास समापन पर ग्राम खापा के बुद्ध विहार में होंगे कार्यक्रम

**सौंसर.** बौद्ध धर्म के वर्षावास की शुरुआत आषाढ़ी पूर्णिमा से हुई थी और इसे अश्विनी कोजागिरी पूर्णिमा को समापन किया जाता है। इसी क्रम में क्षेत्र के सभी बौद्ध विहारों में वर्षावास समापन के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भारतीय बौद्ध महासभा, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल के तत्वाधान में और समता सैनिक दल की सहभागिता से ग्राम खापा के क्रांति बुद्ध विहार में 6 अक्टूबर को वर्षावास समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे बुद्ध विहार में सामूहिक बुद्ध वंदना होगी, जिसके बाद समता सैनिक दल द्वारा जय भीम सलामी दी जाएगी। 11 बजे धम्म देशना एवं प्रबोधन कार्यक्रम होगा। दोपहर 1 बजे बुद्ध भीम संदेश गायन के तहत कव्वाली पार्टी के गायक गुलाब राजा और उनकी टीम की प्रस्तुति होगी। इसके बाद भोजनदान कार्यक्रम रखा गया है।

# नागपुर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2025 का आयोजन एवं परिणाम



**नागपुर.** नागपुर जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा 4 और 5 अक्टूबर 2025 को यूनिवर्सिटी टेबल टेनिस हॉल में जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम: अंडर-11 लड़कियां- अनाया कश्यप ने सईद गुंजल को 11-6, 11-6 से हराया। अंडर-11 लड़के- सर्वद्न्या गुंजल ने रेयांश पेंढारकर को 3-11, 11-7, 11-7 से पराजित किया। अंडर-13 लड़कियां (जीएलएस)- पूर्वी रेणु ने केविका नंदेश्वर को 11-4, 11-4 से हराया। अंडर-13 लड़के- करण कश्यप ने लक्ष्य चंदक को 9-11, 11-7, 11-5 से हराया। अंडर-15 लड़कियां- पूर्वी कौर ने केविका नंदेश्वर को 11-4, 11-7, 11-4 से पराजित किया। अंडर-15 लड़के- करण कश्यप ने मानस शर्मा को 11-8, 11-6, 11-6 से हराया। अंडर-17 लड़कियां- तनीषा कोलारे ने पूर्वी कौर रेणु को 11-8, 9-11, 14-12, 11-9 से पराजित किया। अंडर-17 लड़के- पूरब सिंह रेणू ने मानस शर्मा को 11-6, 11-6, 12-10 से हराया। अंडर-19 लड़कियां- तनीषा कोलारे ने वरदा केजगीर को 11-9, 16-14, 13-11 से पराजित किया। अंडर-19 लड़के- सार्थ शास्त्री ने मानस शर्मा को 11-3, 13-11, 11-7 से हराया। पुरुष फाइनल- आरुष गलपल्ली ने जयेश कुलकर्णी को 4-11, 9-11, 9-11, 11-8, 12-10, 11-9, 11-4 से पराजित कर चैंपियनशिप जीती। इस अवसर पर डॉ. शरद सूर्यवंशी, विजय नाइक, पी. पी. पाठक, वाई. एम. चौधरी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक कनेतकर, मुख्य रेफरी ने किया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 347-4 | 267-5 |
| श्रीदेवी नाईट | 136-0 | - |

# पूर्व महापौर एहतेशाम अली सांसद प्रतिभा धानोरकर के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल



**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर- वणी- आर्णी लोकसभा क्षेत्र की सांसद प्रतिभा धानोरकर की कार्यशैली से प्रेरित होकर, वरोरा नगर परिषद के पूर्व महापौर, पूर्व भाजपा जिला सचिव और भाजपा अल्पसंख्यक गठबंधन के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एहतेशाम अली रविवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। नागपुर के प्रेस क्लब में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल और सांसद प्रतिभा धानोरकर की उपस्थिति में यह समारोह आयोजित किया गया। कुछ महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में एहतेशाम अली ने 21 हज़ार से ज़्यादा वोट हासिल करके अपनी मज़बूत पकड़ साबित की थी। उन्होंने एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस से अपनी राजनीति की शुरुआत की और वरोरा शहर कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। हालाँकि, 2014 में वे पूर्व मंत्री स्वर्गीय संजय देवतले के साथ भाजपा में शामिल हो गए। वे पिछले दस सालों से भाजपा में सक्रिय थे। 2016 के वरोरा नगर परिषद चुनाव में, उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में ज़िले में सबसे ज़्यादा वोटों से महापौर पद जीता था।

उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के नेतृत्व में विश्वास रखते हुए और सांसद प्रतिभा धानोरकर की समावेशी कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में शामिल होने का निर्णय लिया है।

## शारदोत्सव के तहत निषाद नगरी भोईपुरा में मेहंदी रेखाटन उत्सव



**नागपुर.** खासदार सांस्कृतिक महोत्सव 2025 की शृंखला में शारदोत्सव के अंतर्गत, मध्य नागपुर प्रभाग 19 में मेहंदी रेखाटन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत महर्षि नाथूबाबा धाम, निषाद नगरी, भोईपुरा से हुई। आगामी करवाचौथ के पर्व को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस उत्सव में महिलाओं और युवतियों के बीच खासा उत्साह देखा गया। मेहंदी डिजाइनरों ने अपनी कलाकारी से उनके हाथों पर सुंदर और आकर्षक मेहंदी लगाई। यह आयोजन पारंपरिक पर्वों से पहले श्रृंगार की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कई गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों में पूर्व नगरसेविका सौ. सरला नायक, भोई समाज पंच कमेटी के अध्यक्ष नंदकिशोर गौर, सचिव राहुल.

## डॉ. ऋचा सुगंध बनीं भाजपा नागपुर मेडिकल सेल की महामंत्री



**नागपुर.** भाजपा नागपुर महानगर के मेडिकल सेल में डॉ. ऋचा सुगंध को महामंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधायक मोहन माटे, भाजपा शहर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी, मेडिकल सेल के संरक्षक डॉ. विन्की रुघवाणी, स्पिरिचुअल सेल अध्यक्ष डॉ. श्रीरंग वरदपांडे तथा मेडिकल सेल अध्यक्ष डॉ. विनोद जी दाधे के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. ऋचा सुगंध ने कहा कि यह दायित्व समाज की सेवा और चिकित्सा क्षेत्र में भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहेगा। इस अवसर पर डॉ. हरीश जी राजगीरे, डॉ. प्रांजल जी मोटघरे, डॉ. लोकेश बेरवंशी और डॉ. राकेश जी कोणतामवार सहित पूरी टीम को भी बधाई दी गई।

## आरोपी ने नाक पर वार कर किया फ्रैक्चर

**नागपुर.** पांचपावली के वैशाली नगर ग्राउंड के पास गुरुवार रात एक व्यक्ति पर बेरहमी से हमला किया गया, जिसमें उसकी नाक फ्रैक्चर हो गई। हमलावर ने बिना कोई ठोस कारण बताए पीड़ित को गाली देनी शुरू की और फिर उसके नाक पर जोरदार मुक्का मारा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना 2 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे की है। पीड़ित अमोल मधुकर तामनकर (45), जो एक आटा चक्की चलाते हैं, घटनास्थल पर बैठे हुए थे।